## महत्वपूर्ण एवं खास

### वनमंत्री और पीसीसीएफबनकर हाईप्रोफाइल ठगी कड़ी को ढूढने मंडला जायेगी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। वनमंत्री का करीबी बन कर दिल्ली के एक कारोबारी से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. पुलिस ने ठगी करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम राजेन्द्र सेन, मंडला में CCN के संचालक सलीम खान के नेटवर्क में प्रसारित रेवांचल न्यूज़ और रेवांचल टाइम्स के संपादक मुकेश श्रीवास, साधना और स्वराज न्यूज के संवाददाता संकट मोचन चंडोल, अमित सोनी, दिव्यकांत विश्वकर्मा है.गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए लोग हैं. इन शातिर ठगों का सरगना राजेन्द्र सेन नाम का व्यक्ति बताया जा रहा है जो एक अखबार का संपादक है. आरोपियों के पास से पुलिस ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक का फर्जी सील, फर्जी वर्क आर्डर और कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं.मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है इन शातिर ठगों ने दिल्ली के एक कारोबारी अभिनव कृष्ण अग्रवाल को पौधे सप्लाई का26 करोड़ रुपए के 5 ठेके वन विभाग में दिलाने के नाम पर अपने झांसे में ले लिया. आरोपी इतने शातिर हैं कि इन्होंने पीड़ित कारोबारी के साथ विभागीय एग्रीमेंट करवाने रायपुर के एक बड़े होटल में तीन लोगों को पीसीसीएफ उनका स्टेनो और एकाउंटेंट बनाकर पेश किया.

### शिक्षाकर्मियों को इस महिने मिल सकती है पदोन्नति की सौगात

रायपुर (आरएनएस)। वर्षो से पदोन्नति की मांग को लेकर शिक्षाकर्मियों द्वारा धरना स्थल में प्रदर्शन कर अनेकों बार विभागीय सचिव, मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग पूर्ण करने का आग्रह किया जाता रहा है। शिक्षाकर्मियों का संघर्ष अंततः रंग ला रहा है। मिली जानकारी के आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह आयोजित बैठक में शिक्षाकर्मियों की पदोन्नति संबंधी मांग को स्वीकार कर नया आदेश जारी कर सकते हैं। इस बाबत् शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों ने जिला शिक्षा अधिकारियों को परिपत्र जारी कर अपने जिलों में रिक्त शिक्षाकर्मियों के पदों की जानकारी दस अप्रैल तक मांगी है। रिक्त पदों की जानकारी मिलने के उपरांत ही शिक्षाकर्मियों की पुरानी मांग अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में पूरी होने की संभावना है।

लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार कर रहे शिक्षाकर्मियों को इस महीने बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। सब कुछ अगर सही रहा, तो इस महीने ही सहायक शिक्षक पंचायत से शिक्षक पंचायत के पद पर शिक्षाकर्मियों का प्रमोशन हो जायेगा। शिक्षा विभाग ने प्रदेश भर के जिला शिक्षा अधिकारी से रिक्त पदों की सूची मंगायी है।

### हजारों की संख्या में चल रहे आटो यातायात जाम का सबब बन रहे

**स्टापेज के अलावा हर जगह रोकने पर आवाजाही होती है प्रभावित**

रायपुर (आरएनएस)। स्मार्ट सिटी रायपुर में यातायात व्यवस्था पुराने ढर्रे पर चल रही है। स्मार्ट सिटी में यातायात जाम से मुक्त आवाजाही उपलब्ध कराने के निर्देश केंद्रीय शहरी एवं सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा दिये जाने के बावजूद भी शहर के मुख्य मार्गों पर हजारों की संख्या में चल रहे आटो यातायात जाम का सबब बन रहे है। यातायात पुलिस द्वारा आये दिन व्यवस्था को संचालित करने में नये -नये प्रयोग किये जाते है। बावजूद इसके अभी भी शहर यातायात जाम की जकड़ से मुक्त नहीं हो पाया है। शहर के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट दिवा कीर्ति, सुनील तिवारी, प्रभा चतुर्वेदी आदि के अनुसार मास्टर प्लान के अनुसार शहर की बसाहट नहीं होने के कारण शहर के प्रमुख चौराहों शास्त्री चौक घड़ी चौक फाफाडीह चौक शारदा चौक कचहरी चौक लाखेनगर चौक सहित विभिन्न अंदुरूनी क्षेत्रों में आटो चालकों की मनमानी के चलते लोग आये दिन परेशान होते रहते है। मालवीय रोड गोलबाजार एवं सदर बाजार का क्षेत्र सुबह से देर रात तक यातायात जाम की स्थिति से दो चार होता रहता है।

### आईटीएसपीएल के कोआर्डिनेटर-सहयोगियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**ट्रेनिंग के पश्चात कमीशन देने के नाम पर धोखाधड़ी**

रायपुर (आरएनएस)। रोजगार ट्रेनिंग के लिए अभ्यर्थी उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक अभ्यर्थी के पीछे 8000 का कमीशन देने का लालच देकर एक व्यक्ति से धोखाधड़ी करने वाले चार लोगों के खिलाफ सिविल लाईन थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थी बसंत कुमार वर्मा पिता स्व. मधुलाल वर्मा 31 वर्ष निवासी राजधानी विहार सड्डु विधानसभा ने शिकायत दर्ज कराया कि आरोपी आईटीएसपीएल के आल इंडिया कोआर्डिनेटर योगेन्द्र बारिक एवं संचालक जगन्नाथ दास, अशोक कुमार जयना तथा लक्ष्मण दास ने प्रार्थी से फोन पर संपर्क किया। प्रार्थी स्वयं स्कीलिंग टैक एंड एजुकेशन सर्विसेस नामक ट्रेनिंग सेंटर चलाता है।

घटना दिनांक 30 अक्टूबर 2016 से अब तक अशोक विहार कालोनी शंकर नगर में आरोपियों ने प्रार्थी को फोन पर संपर्क करके बताया कि उनकी संस्था आईटीएसपीएल द्वारा बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए ट्रेनिंग देती है।

## शाह की बंद कमरे में डॉ. रमन के साथ गुफ्तगूं, आगामी विस चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा होने की अटकलें


रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भुवनेश्वर जाते हुए आज सुबह रायपुर एयरपोर्ट में रूके और भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली। श्री शाह ने बंद कमरे में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय व राष्ट्रीय महासचिव सरोज पांडेय से बैठक की। इस बैठक में किन बातों पर चर्चा हुई इस पर सबकी नजर लगी हुई है। बैठक के दौरान बाकी मंत्री, विधायक व संगठन के दूसरे पदाधिकारी कमरे के बाहर लाइन लगाकर खड़े रहे। खबर है कि बैठक के बाद श्री शाह ने इन्हें भी संबोधित किया और आगामी विधानसभा चुनाव तथा 14 अप्रेल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बस्तर दौरे को लेकर जरूरी हिदायत दी। इस दौरान वे



लगभग डेढ़ घंटे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर रहे। अमित शाह से रायपुर एयरपोर्ट पर मिलने और उनका स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर भाजपाइयों की काफी भीड़ जुटी। हालांकि एयरपोर्ट के अंदर चुनिंदा नेताओं को ही जाने का मौका मिला। पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि अमित शाह से मिलने का कोई घोषित कार्यक्रम नहीं बना था। पार्टी इन दिनों जनसंपर्क पदयात्रा का कार्यक्रम चला रही है।

अधिकांश मंत्री और विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में पदयात्रा पर हैं। ऐसे में जो मंत्री और विधायक बुधवार को रायपुर में मौजूद थे, वही एयरपोर्ट पहुंचे। किसी को कार्यक्रम छोड़कर आने को नहीं कहा गया था। बावजूद शाह का स्वागत करने के लिए संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं में होड़ लगी रही।

## उप्र में निजी स्कूलों की मनमानी पर कैबिनेट की लगाम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली को लेकर एक अहम प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकार का दावा है कि इस विधेयक के अमल में आने के बाद निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने में सफलता मिलेगी। उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री और सरकार के प्रवक्ता श्रीकांत शर्मा और उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने पत्रकारों को इसकी जानकारी दी।

शर्मा ने बताया कि विद्यालय के शुल्क लेने की प्रक्रिया पारदर्शी होगी और कोई भी स्कूल सिर्फ चार तरह से ही शुल्क ले सकेंगे, जिसमें विवरण पुस्तिका शुल्क, प्रवेश शुल्क, परीक्षा शुल्क और संयुक्त वार्षिक शुल्क शामिल है।

उपमुख्यमंत्री के मुताबिक, अगर कोई वैकल्पिक सुविधा जैसे वाहन, होस्टल, भ्रमण व कैंटीन की सुविधा लेता है, तभी शुल्क देना होगा। हर तरह के शुल्क की रसीद देना स्कूलों के लिए अनिवार्य होगा।

उन्होंने बताया कि इन नियमों के दायरे में सीबीएससी और आईसीएससी बोर्ड द्वारा संचालित विद्यालयों को भी लिया गया है।

## शिवराज का ये बाबा पहनता है 14 किलो सोना और न जाने क्या -क्या, आइए जानते हैं पूरा मामला

भोपाल। मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार ने कल पांच संतों को राज्यमंत्री का दर्जा दे दिया था. इस वजह से बाबा चर्चा में आ गए हैं. इनमें एक बाबा ऐसे हैं जिन्हें कंप्यूटर बाबा के नाम से जाना जाता है. ये पहले 'नर्मदा घोटाला रथ यात्रा' निकालने वाले थे. हालांकि, भारत में बाबा और उनके अजीबोगरीब कारनामे कोई नई बात नहीं हैं. इसी मौके पर हम आपको एक ऐसे बाबा के बारे में बताने जा रहे हैं जो न सिर्फ 14 किलो से भी अधिक का सोना पहनना पसंद करते हैं, बल्कि उनके पास 27 लाख की घड़ी,



बीएमडब्ल्यू और ऑडी जैसी कई कारें भी हैं. ये हैं 56 साल के सुधीर कुमार मक्कड़ उर्फ गोल्डन बाबा. ये बाबा अपनी कांवर यात्रा के लिए जाने जाते हैं. बाबा को सोना काफी पसंद है. इनके पास 21 सोने की चेन, 21 लॉकेट और एक गोल्ड जैकेट हैं. इनकी यात्रा में दर्जनभर से अधिक महंगी गाड़ियां चलती हैं.

बाबा पूर्वी दिल्ली के गांधीनगर इलाके के रहनेवाले हैं. कभी गांधी नगर के कपड़ा मार्केट में मामूली सी दर्जी हुआ करते थे. लेकिन बाबा को जानने वाले लोग बताते हैं कि बाबा के अरमान शुरू से ही काफी बड़े थे. इसके बाद बाबा ने ट्रैक चैंज कर लिया. कुछ दिनों तक प्रॉपर्टी का काम भी करते रहे. लेकिन इसी बीच एक रोज बाबा अंतर्ध्यान हो गए और सीधे हरिद्वार में जा बसे.

आज तक की 2016 की रिपोर्ट के मुताबिक, बाबा के खिलाफ कई तरह के गुनाहों के तकरीबन तीन दर्जन मुकदमे दर्ज थे. इन मुकदमों में अपहरण, फिरौती, जबरन वसूली, मारपीट, जान से मारने की धमकी जैसे तमाम छोटे-बड़े गुनाह शामिल थे.

बाबा इतना अधिक सोना पहनते थे कि इससे उनके शरीर की नसों पर बुरा असर पड़ा. एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, बाबा के पास एक बीएमडब्ल्यू, 3 फॉर्च्यूनर, 2 ऑडी और 2 इवोना कारें रही हैं.

### बेनर-पोस्टर लगाते 3 नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले की भैरमगढ़ थाना पुलिस ने दबिश देकर बेनर पोस्टर लगाते 3 नक्सलियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि भैरमगढ़ के पास बांगापाल में निर्माणाधीन कच्चे मार्ग की ओर पुलिस की पार्टी गश्त सर्चिंग के लिए निकली हुई थी। उसी दरम्यान निर्माणाधीन रास्ते में तीन माओवादी बैनर-पोस्टर लगा रहे थे, जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे। पुलिस पार्टी ने तत्काल घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

पकड़ाया माओवादी दशरू वेक्को माकपा माओवादी में ग्राम बेलनार के जनमिलिशिया डिप्टी कमाण्डर और सनकू माकपा माओवादी में ग्राम बेलनार के जनमिलिशिया सदस्य के रूप काम किया करता था एवं दशरू डोडी ग्राम बेलनार के जनमिलिशिया सदस्य के रूप में कार्य करता था।

गिरफ्तार माओवादियों के पास से मल्टीमीटर, नक्सली पत्रिका, नक्सली पर्चा, बैनर, छुरी, टार्च एवं जिंदा इलेक्ट्रीकल डेटोनेटर, प्रभात पत्रिका, बरामद की गयी है।

### शराब खरीदने के दौरान युवक के जेब से नगदी सहित मोबाईल पार

रायपुर (आरएनएस)। एमजी रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में शराब खरीदने के दौरान बाईक सवार दो युवक ने एक युवक के जेब से मोबाईल सहित नगदी 600 रूपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप जायसवाल पिता लक्ष्मण जायसवाल 22 वर्ष गोकुलनगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल रात प्रार्थी शराब खरीदने के लिए एमजी रोड स्थित शराब दुकान में गया था तभी बाईक क्रमांक सीजी 04 डीएन 3403 से दो युवक आए और प्रार्थी के जेब में रखे मोबाईल व नगदी 600 रूपए पार कर दिए।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा नवमी में रिक्त स्थानों की पूर्ति हेतु आन लाईन आवेदन पांच अप्रैल तक

कोरबा (आरएनएस)। जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा (छुरी) जिला कोरबा में वर्ष 2018-19 के लिए कक्षा नवमी में दो रिक्त स्थानों के प्रवेश हेतु चयन परीक्षा शनिवार 19 मई को प्रातः 10 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा (छुरी) में आयोजित होगी। जिसके लिये वर्तमान क्षैक्षणिक सत्र 2017-18 में कक्षा आठवीं अध्ययनरत एवं जन्म तिथि एक मई 2002 से 30 अप्रैल 2006 के बीच के छात्र-छात्राएं 05 अप्रैल 2018 तक वेबसाईट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्य डाट एनव्हीएसएचक्यू डाट ओआरजी या डब्ल्यडब्ल्यूडब्ल्यू डाट जेएनव्हीकोरबा डाट एनआईसी में आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

### 108 और 102 के कर्मचारी 5 से जायेंगे अनिश्चित कालीन धरने पर

महासमुंद (आरएनएस)। वेतन विसंगति दूर करने सहित अन्य मांगों को लेकर 108 और 102 के कर्मचारियों ने कल से अनिश्चितकालीन आंदोलन में जाने का निर्णय लिया है। इधर, कर्मचारियों के आंदोलन में जाने के ऐलान के बाद कंपनी द्वारा कर्मचारियों का मान-मनोव्वल कर आंदोलन स्थगित करने के लिए चर्चा का दौर जारी है। हालांकि कर्मचारियों ने कल आंदोलन प्रारंभ करने का पूरा मन बना लिया है। छग संजीवनी 108/102 कर्मचारी कल्याण संघ के बेनर तले जिले भर के कर्मचारी कल से आंदोलन पर रहेंगे जिसके चलते जिले में मोबाइल इमरजेंसी स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित होने की संभावना है।

### रायगढ़, मुंगेली, बिलासपुर और महासमुंद के 500 पंच-सरपंच राजधानी के अध्ययन भ्रमण पर

रायपुर (आरएनएस)। हमर छत्तीसगढ़ योजना के तहत दो दिनों की अध्ययन यात्रा पर राजधानी रायपुर आए रायगढ़, मुंगेली, बिलासपुर और महासमुंद जिले के विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने नया रायपुर का शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम देखा। चारों जिलों से लगभग 500 पंच-सरपंच अध्ययन प्रवास पर रायपुर आए हुए हैं। इनमें से अधिकांश पंच-सरपंच पहली बार नया रायपुर आए हैं। यहां का भव्य स्टेडियम देखकर वे बहुत खुश और रोमांचित हुए। जिस स्टेडियम को वे अब तक टेलीविजन और तस्वीरों में देखते आए थे, उसे प्रत्यक्षतः देखना उनके लिए अनूठा अनुभव था।

दो दिनों के अध्ययन प्रवास के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने रायपुर और नया रायपुर के अनेक स्थानों का भ्रमण किया। इनमें छत्तीसगढ़ विधानसभा, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, मंत्रालय, जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन और चंपारण शामिल हैं। पंच-सरपंच हमर छत्तीसगढ़ योजना के आवासीय परिसर, नया रायपुर के उपरवारा स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई विशाल छायाचित्र प्रदर्शनी के जरिए छत्तीसगढ़ में पिछले डेढ़ दशक में हुए विकास कार्यों, सरकार की प्रमुख योजनाओं एवं प्रदेश की उपलब्धियों से रू-ब-रू हुए।

## डॉ. रमन सिंह ने ग्रामीणों से की ग्रामसभाओं में शामिल होने की अपील



रायपुर (आरएनएस)। भारतीय संविधान के महान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर इस महीने की 14 तारीख से छत्तीसगढ़ की 10 हजार 971 ग्राम पंचायतों के लगभग 20 हजार गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार के पंचायत संचालनालय ने यह घोषणा की है। नया रायपुर स्थित इंद्रावती भवन से पंचायत संचालनालय ने इस सिलसिले में प्रदेश के सभी 27 जिला कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश के सभी ग्रामीणों से ग्रामसभाओं की बैठकों में शामिल होने की अपील की है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि पंचायतों के काम-काज में आम जनता की सक्रिय भागीदारी की दृष्टि से ग्रामसभाओं की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जहां ग्राम पंचायतों के काम-काज का हिसाब जनता के सामने रखा जाता है, वहीं ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाती है। साथ ही गांवों के विकास के लिए भावी कार्य-योजना का प्रारूप भी ग्राम सभा में जनता से प्राप्त सुझावों के अनुसार तैयार किया जाता है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अजय चंद्राकर ने भी ग्रामीणों से ग्रामसभाओं में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

पंचायत संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि संचालनालय द्वारा जिला कलेक्टरों को जारी परिपत्र में 14 अप्रैल से ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए बिन्दुवार दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परिपत्र के अनुसार ग्रामसभा का सम्मिलन ग्राम पंचायत के प्रत्येक गांव में आयोजित किया जाए। अगर किसी ग्राम पंचायत में एक से ज्यादा गांव हो तो ऐसी स्थिति में अलग-अलग गांवों के लिए अलग-अलग तारीखों में ग्रामसभा आयोजित की जाए। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि ग्रामसभाओं की बैठकों के लिए प्रत्येक जनपद पंचायत के स्तर पर एक समय सारिणी तैयार कर ली जाए, जिसके अनुसार किसी एक तिथि में किसी एक ग्राम पंचायत के एक ही गांव में ग्रामसभा की बैठक हो सकेगी।